ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई)

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)

चौथा तल, सेवा भवन, आर.के.पुरम, नई दिल्ली-110066

# प्रोजेक्ट इंजीनियरों की नियुक्ति

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा अनुबंध के आधार पर 08* प्रोजेक्ट इंजीनियरों को नियुक्त किया जाना है:

- नियुक्ति 60,000/- रुपए प्रति माह के समेकित पारिश्रमिक पर की जाएगी।
- प्रारंभ में अनुबंध एक वर्ष की अवधि के लिए होगा जिसे व्यक्ति के केपीआई और परियोजना की आगामी आवश्यकता के आधार पर संतोषजनक कार्य निष्पादन के अधीन अधिकतम 03 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है।

इच्छुक आवेदक कैरियर कॉलम के तहत बीईई की वेबसाइट - beeindia.gov.in से शैक्षिक योग्यता, आयु, अनुभव, आरक्षण आदि का विवरण डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित पात्रता पूरी करने वाले इच्छुक आवेदक अपना बायोडाटा (सीवी) निर्धारित प्रपत्र में रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर तक सचिव, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), चौथा तल, सेवा भवन, आर.के. पुरम, सेक्टर-1, नई दिल्ली-110066 के कार्यालय में भेज दें।

*वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार चयन के समय वास्तविक संख्या घट-बढ़ सकती है।

**सचिव, बीईई**

# <u>ऊर्जा दक्षता ब्यूरो</u>

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) उत्कृष्ट रिकॉर्ड वाले इंजीनियरों को अनुबंध के आधार पर प्रोजेक्ट इंजीनियर के रूप में नियुक्त करना चाहता है, ताकि ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 के तहत आरंभ किए गए विभिन्न ऊर्जा दक्षता कार्यक्रमों और गतिविधियों के कार्यान्वयन में सहायता मिल सके। पदों का विवरण इस प्रकार है:

| **पद का नाम** | **आरक्षण** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | **अनारक्षित** | **अन्य पिछड़ा वर्ग** | **अनुसूचित जाति** | **अनुसूचित जनजाति** | **कुल** |
| प्रोजेक्ट इंजीनियर | 3 | 2 | 2 | 1 | 8* |

* वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार चयन के समय वास्तविक संख्या घट-बढ़ सकती है।

**आयु:** रोजगार समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित होने की तारीख तक 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।

**आवश्यक शैक्षणिक अर्हता:** इंजीनियरिंग में न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड के साथ इंजीनियरिंग में स्नातक।

पिछले 2 वर्षों (यानी 2023 और 2024) में गेट परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

**वांछनीय:** इंजीनियरिंग में ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा संरक्षण को प्राथमिकता सहित राष्ट्रीय ऊर्जा कार्यक्रमों और नीतियों के परिप्रेक्ष्य में संबंधित विषय में मास्टर डिग्री।

**अनुभव:** ऊर्जा दक्षता या इसके संरक्षण, और ऊर्जा लेखापरीक्षा और अन्य संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान / विकास / डिजाइन / शैक्षणिक संस्थानों / सरकारी विभागों / संस्थानों / संगठनों में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव।

**अपेक्षित योग्यताएँ:**

i. ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं पर अनुसंधान करने और पृष्ठभूमि की जानकारी एकत्र करने की क्षमता।

ii. परियोजना के हितधारकों के लाभ के लिए केस स्टडी, वृत्तचित्र, ब्रोशर इत्यादि जैसी जागरुकता और आउटरीच सामग्री विकसित करने के लिए परियोजना के तहत विकसित विभिन्न रिपोर्टों (साथ ही बाहरी स्रोतों) से प्राप्त तकनीकी इनपुट प्रदान करने में सक्षम होना चाहिए।

iii. प्रशिक्षण, कार्यशालाओं, बैठकों आदि के समन्वय के लिए विभिन्न परियोजनाओं के तहत बीईई द्वारा नियुक्त विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोगात्मक रूप से कार्य करने की क्षमता के साथ अच्छा पारस्परिक कौशल।

iv. विभिन्न परामर्श फर्मों से प्राप्त तकनीकी प्रस्तावों का मूल्यांकन करने और सारांश रिपोर्ट तैयार करने की क्षमता।

v. अंग्रेजी और हिंदी में अच्छा संप्रेषण कौशल (मौखिक और लिखित)।

vi. अच्छा विश्लेषणात्मक और वैचारिक कौशल होना चाहिए।

vii. कंप्यूटर का जानकार होना चाहिए।

**अनुबंध की शर्तें:** आरंभ में नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर की जाएगी, जिसे बाद में प्रमुख निष्पादन संकेतकों (केपीआई) के आधार पर वार्षिक रूप से बढ़ाया जा सकता है।

**अनुबंध राशि:** प्रारंभिक नियुक्ति पर प्रति माह 60,000 रुपए की समेकित राशि।

**अन्य भत्ते:** चूंकि नियुक्ति पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर होगी, इसलिए वे बीईई के नियमित कर्मचारियों को मिलने वाले किसी भी भत्ते/लाभ के लिए पात्र नहीं होंगे।

**<u>आवेदन कैसे करें</u>**

इच्छुक आवेदक रोजगार समाचार/प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अपनी योग्यता और अनुभव का पूरा विवरण देते हुए बीईई की वेबसाइट (beeindia.gov.in) पर दिए गए वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं।

असाधारण रूप से उत्कृष्ट उम्मीदवारों के मामले में ब्यूरो पात्रता और अन्य मानदंडों में छूट देने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**<u>अन्य सामान्य जानकारी और निर्देश</u>**

यदि उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है, तो भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

अपूर्ण आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को योग्यता के क्रम में शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। स्क्रीनिंग प्रक्रिया में पात्र पाए जाने वालों को साक्षात्कार में उपस्थित होना होगा।

चयनित उम्मीदवार को पूर्णतः अनुबंध के आधार पर नियुक्ति दी जाएगी तथा उनके द्वारा बीईई में नियमित रोजगार का कोई दावा नहीं किया जाएगा।

# प्रोजेक्ट इंजीनियर के पद के लिए आवेदन

| |
|---|
| पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नाम | |
| 2. | पता | |
| 3. | ईमेल | |
| 4. | मो. नं.<br>i.<br>ii. | |
| 5. | जन्म की तिथि | |
| 6. | क्या आप अनु. जाति / अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा / दिव्यांग / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित हैं? | |

| | |
|---|---|
| 7. | शैक्षिक योग्यता का विवरण कालानुक्रमिक क्रम में (अंक तालिकाओं और डिग्री आदि की फोटोकॉपी संलग्न करें)। |

| अर्हता | संस्थान/विश्वविद्यालय/बोर्ड | उत्तीर्ण होने का वर्ष | प्राप्त अंकों का % |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | |
|---|---|
| 8. | रोजगार का विवरण, कालानुक्रमिक क्रम में। कम से कम एक वर्ष के अनुभव प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी संलग्न करें। |

| कार्यालय/संस्था | धारित पद | से | तक | कर्तव्यों का स्वरूप | प्रति माह आहरित पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | गेट परीक्षा<br>i. वर्ष<br>ii. रैंक | |

| | | |
|---|---|---|
| | iii. विषय<br>iv. स्कोर | |
| 10. | पद के लिए उपयुक्तता के समर्थन में अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो। | |
| 11. | टिप्पणी (अभ्यर्थी (i) शोध प्रकाशन और रिपोर्ट तथा विशेष परियोजनाओं (ii) वार्ड/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा (iii) व्यावसायिक निकायों/संस्थाओं/सोसायटियों से संबद्धता तथा (iv) अन्य काई जानकारी दे सकते हैं।)<br>(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग शीट संलग्न करें) | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ा है और प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त जानकारी और दस्तावेज मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य हैं। यदि कोई जानकारी/दस्तावेज गलत पाया जाता है, तो मेरी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर रद्द की जा सकती है।

तारीख ______________

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

अंगूठे का निशान

संलग्नक:

i. आयु प्रमाण के रूप में दसवीं पास प्रमाण पत्र/मार्कशीट की प्रति

ii. बारहवीं पास प्रमाण पत्र और मार्कशीट की प्रति

iii. डिग्री/मार्कशीट की प्रति

iv. गेट परीक्षा स्कोरकार्ड की प्रति

v. सभी अनुभव प्रमाण पत्रों की प्रति

vi. आरक्षण का दावा करने पर जाति प्रमाण पत्र की प्रति

vii. पहचान प्रमाण की प्रति (आधार कार्ड/वोटर-आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट आदि)